लोक सभा अध्यक्ष ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली; 03 अप्रैल, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। अपने सन्देश में श्री बिरला ने कहा:

"अहिंसा परमो धर्म के सन्देश के साथ विश्व को जीने की राह दिखाने वाले 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती पर कोटि कोटि नमन। जीयो और जीने दो की भावनाओ के साथ भगवान महावीर स्वामी जी ने संसार को क्षमा, करुणा, प्रेम और विनय जैसे मूल्य दिए। उन्होंने हमे सिखाया कि गरीब की सेवा, वंचित का कल्याण, ही जीवन का लक्ष्य और उद्देश्य होना चाहिए। भगवान महावीर स्वामी जी ने मानवता को शांति, प्रेम, सौहार्द और बंधुत्व की भावना के साथ से जीने का मार्ग बताया।

मैं इस मौके पर आप सबको महावीर जयंती की शुभकामनाएं देता हूँ और आपसे अपेक्षा करता हूँ कि अपने जीवन में भगवान महावीर के विचारों को आत्मसात करें और भगवान महावीर स्वामी के विचारों को जन जन तक पहुचाएं, और जब जन जन तक उनके विचार पहुंचेंगे तो समाज में सहिष्णुता आएगी, करुणा-दया आएगी प्रेम आएगा और यही सन्देश देश और दुनिया में पहुंचना चाहिए आप सबको महावीर जयंती की बहुत बहुत शुभकामनाएं और बधाई।

इस अवसर पर, आइए हम अपने आप को करुणा और क्षमा जैसे शाश्वत मूल्यों के प्रति समर्पित करें। मैं प्रार्थना करता हूँ कि भगवान महावीर के सन्देश से सभी को आशीर्वाद मिले।"